e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं०सं०:– 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019–Part-II 3041

प्रेषक,

सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय।

पटना, दिनांक :– 26/10/2022

विषय :– बेगूसराय जिले के बेगूसराय अंचल के मौजा– रचियाही (थाना नं0– 414), रचियाही (थाना नं0– 415), रचियाही (थाना नं0– 416) तथा शाम्हो अकहा कुरहा अंचल के मौजा– अकबरपुर बरारी (थाना नं0– 434), अकबरपुर करारी (थाना नं0– 437) तथा लघौना (थाना नं0– 459) में विशेष सर्वेक्षण कार्य में आ रही कठिनाईयों को दूर करने हेतु उचित मार्गदर्शन देने के संबंध में।

प्रसंग :– आपके पत्रांक– 295 दिनांक– 31.03.2022 एवं पत्रांक– 285 दिनांक– 26.03.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषय प्रसंगाधीन पत्रों के माध्यम से आपके द्वारा निम्न बिन्दुओं पर मार्गदर्शन की मांग की गई है:–

1. कैडेस्ट्रल सर्वे के पश्चात् उक्त मौजा के अंश भाग का सर्वे 1918, 1924, 1930–31 तैयार किया गया है। इस खतियान में कैडेस्ट्रल रैयती खाता बनाया गया है। उसी खतियान के अनुरूप अंचल कार्यालय में पंजी–II संधारित है और राजस्व कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है।
2. कैसरे–ए–हिन्द भूमि को खासमहाल अन्तर्गत रैयतों के नाम से वर्ष 1917–18, 1936–37 में बन्दोबस्त/सर्वेक्षण कर खतियान तैयार किया गया था, उसी खतियान के अनुरूप अंचल कार्यालय में पंजी–II संधारित है और राजस्व कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है।

उपरोक्त दोनों बिन्दुओं पर बिहार सर्वे एवं सेटलमेन्ट मैनुअल, 1959 एवं खासमहाल मैनुअल में वर्णित प्रावधान के आलोक में निम्न मार्गदर्शन दिया जाता है:–

(i) कैडेस्ट्रल सर्वे पश्चात् भिन्न–भिन्न वर्षों में तैयार खतियान की प्रति जिला अभिलेखागार में उपलब्ध होना आवश्यक है। जिला अभिलेखागार से विधिवत् उपलब्ध होने पर विशेष सर्वेक्षण में बन्दोबस्त अधिनियम, 2011/नियमावली, 2012 की खतियानी विवरणी (प्रपत्र–5) तैयार किया जाय।

(ii) जमींदारी उन्मुलन पूर्व कैडेस्ट्रल सर्वे खतियान के बाद भिन्न–भिन्न वर्षों में तैयार खतियान के अनुरूप पंजी–II संधारित होना चाहिए और रैयत का दखल आवश्यक है।

अतः अनुरोध है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य में प्रासंगिक विषय से सम्बन्धित कठिनाईयों को समाधान उक्त मार्गदर्शन के आलोक में किया जाय।

उक्त पर निदेशक महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

26/10/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

D:\Sanjeev-2022\Sailesh Kumar Srivastava_Asst\directed\file no. 84_2019_part-II_25.10.2022.doc

ज्ञापांक : 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019– Part-II ....3041.... **पटना, दिनांक** :–..26/10/2022..

प्रतिलिपिः–समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज / बंदोबस्त पदाधिकारी, खगड़िया / लखीसराय / जहानाबाद / अररिया / पूर्णियाँ / सीतामढ़ी / सुपौल / मधेपुरा / पश्चिम चम्पारण / जमुई / मुंगेर / नालंदा / शिवहर / बांका / अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त, सहरसा / कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

26/10/22

सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019– Part-II ....3041.... **पटना, दिनांक** :–..26/10/2022..

प्रतिलिपिः– निदेशालय में पदस्थापित सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

26/10/22

सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019– Part-II ....3041.... **पटना, दिनांक** :–..26/10/2022..

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/10/22

सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप